(ग) क्या दोषी आवंटितों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है ;

(घ) यदि हां, तो उनके विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है ; और

(ङ०) यदि नहीं, तो सरकार का उनके विरुद्ध कब तक कार्रवाई करने का विचार है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) और (ख) इस प्रकार की केवल एक शिकायत प्राप्त हुई है ।

(ग) से (ङ) उक्त शिकायत क्वार्टर संख्या 630, लक्ष्मीबाई नगर (टाइप IV) के आवंटिती श्री ए० एम० तिवारी के विरुद्ध क्वार्टर संख्या 632, लक्ष्मीबाई नगर के आवंटिती श्री एस०के० गर्ग से प्राप्त हुई है जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि टेरेस की ओर जाने वाली सामूहिक सीढ़ियों में नौकर को रखा गया था । तदनुसार, श्री तिवारी का आवंटन, जो कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में उनके स्थानांतरण पर रद्द किया गया था, पूर्वोत्तर क्षेत्र से उनके स्थानांतरित होकर दिल्ली में पुनः तैनात होने पर अभी तक नियमित नहीं किया गया है । श्री तिवारी द्वारा राज्य सभा पूल क्वार्टर संख्या 632, लक्ष्मीबाई नगर के आवंटिती श्री एस० के० गर्ग के विरुद्ध लगाया गया प्रत्यारोप राज्य सभा सचिवालय में उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के लिये पहले ही भेज दिया गया है ।

उत्तर प्रदेश में सिंचाई

1545. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है ; और

(ख) सरकार ने इसे सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) राज्य की चरम सिंचाई क्षमता 2.57 करोड़ हैक्टेयर है, जिसमें से सातवीं योजना के अन्त तक 2.39 करोड़ हैक्टेयर सृजित की गयी, जो राष्ट्रीय औसत के 70.5% की तुलना में लगभग 93% है । सिंचाई सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए राज्य में अनेक सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है ।

सुवर्ण रेखा सिंचाई परियोजना

1546. **श्री ईशदत्त यादव** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुवर्ण रेखा सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत पहले से ही अधिगृहीत की गई भूमि का क्षेत्रफल कितना है और उससे प्रभावित हुए परिवारों की संख्या कितनी है ;

(ख) विस्थापित हुए परिवारों से संबंधित उन लोगों की संख्या कितनी है, जिन्हें मुआवजा दिया गया और रोजगार उपलब्ध कराया गया, और

(ग) कितने व्यक्तियों को मुआवजा तथा रोजगार दिए जाने का विचार है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभापटल पर रख दी जायेगी ।

Technical help from Israel to link rivers in Sooth India

1547. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY : Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government of Israel have agreed to provide technical help and provide experts to India for linking the rivers in South India:

(b) whether it is a fact that Israel successfully undertaken the linkage of rivers in eleven countries ;

(c) whether it is also a fact that Israel would support Indian application for a World Bank loan for the project of South Indian rivers ; and

(d) if so, the reaction of Government in this regard?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI VIDYACHARAN SHUKLA) : (a) No, Sir.

(b) No information is available on projects undertaken by Israel to link up rivers in other countries.

(c) and (d) Do not arise.

गैर-सिंचित भूमि

1548. श्री अजीत जोगी :

कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विभिन्न राज्यों में गैर सिंचित भूमि क्षेत्रों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कराने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर भूमि उपयोग सांख्यिकी प्रकाशित कर रहा है जिसमें अन्य बातों के साथ साथ सिंचित भूमि, कुल फसली क्षेत्र तथा कुल कृषि योग्य क्षेत्र का। राज्यवार ब्यौरा भी शामिल होता है वर्ष 1987–88 के लिए उपलब्ध नवीनतम भूमि उपयोग सांख्यिकी के अनुसार 1,72,881 हजार हेक्टेयर सकल बुआई क्षेत्र में से सकल सिंचित क्षेत्र 52,216 हजार हेक्टेयर है जो सकल बुआई क्षेत्र का लगभग 33% है । शेष क्षेत्र असिंचित है ।

Telugu Ganga Project

1549. SHRI G. VIJAYA MOHAN REDDY S
DR. NARREDDY THULASI REDDY :

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Government do not have any objection to give clearance to Telugu Ganga Project provided the Andhra Pradesh Government give an assurance that it would not claim any surplus water of Krishna river after the year 2000 A.D. ; and

(b) what is the reaction of the State Government there to ?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) and (b) Telugu Ganga Project, though techno-economicall: apprised by the Central Water Commission, its consideration was deferred by the Advisory Committee in April, 1988 as the project had not been cleared from inter-State angle. In order to resolve the Inter-State issue the meeting of the Chief Ministers of Andhra Pradesh, Karnataka and Maharashtra, convened by the then Minister (Water Resources) on 5-4-1990 could not materailise as the Chief Minister of Karnataka informed that the Chief Ministers would themselves resolve the issues relating to sharing of Krishna waters. The three Chief Ministers met twice in 1990. They are to meet again for consideration of the four tentative alternative prposals that emer-rged during their second meeting.

तिलैया और कोनार परियोजनाएं

1550. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डी०वी०सी० की तिलैया और कोनार परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और किसानों को उससे कितना पानी सिंचाई हेतु मुहैया किया जा रहा है ;

(ख) क्या हाल ही में बिहार, बंगाल और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों की इस संबंध में बैठक हुई थी, यदि हां, तो, उसका ब्यौरा क्या है ; और